राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–4) विभाग

प0 21(3)साप्र/4/2008 जयपुर, दिनांक 26/5/11

प्रबंध निदेशक,
राज0 राज्य सडक विकास एवं निर्माण निगम लि0,
जयपुर ।

विषयः– गांधीनगर जयपुर में 9 प्रथम श्रेणी के बहुमंजिला आवासों का नवीन निर्माण।

सन्दर्भः–प्रोजेक्ट डायरेक्टर राज0 राज्य सडक विकास एवं निर्माण निगम लि0 यूनिट–I जयपुर का प्रस्ताव A 5/BPM/8/ VOLII-A एवं पत्र कमांक वि–I दिनांक 28.01.11.

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के कम निदेशानुसार लेख है कि गांधीनगर, जयपुर में 9 प्रथम श्रेणी के बहुमंजिला आवासो के नवीन निर्माण किए जाने हेतु राशि रूपये 517.00 लाख (अक्षरे पांच सौ सत्रह लाख मात्र) की राज्यपाल महोदय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है। चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 में उक्त निर्माण कार्य हेतु राशि रूपये 200.00 लाख (दो सौ लाख रूपये) का प्रावधान किया गया है। यह राशि राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड के पी0डी0 खाते में हस्तान्तरित की जावेगी।

यह व्यय बजट मद 4216–आवास पर पूंजीगत परिव्यय 01– सरकारी रिहायशी भवन 106– साधारण पूल आवास (01)– सामान्य आवासीय भवन [90] निर्माण कार्य मुख्य अभियंता सा.नि.वि के माध्यम से 17– वृहद निर्माण कार्य (आयोजना) में उपलब्ध प्रावधान से वहन होगा एवं निर्माण कार्य स्वीकृत राशि की सीमा में ही पूर्ण करवाया जावेगा एवं कोई अतिरिक्त राशि स्वीकृत की जानी संभव नहीं होगी ।

कृपया उक्त कार्य के पेटे जारी की गई राशि का पूर्णता/उपयोगिता प्रमाण–पत्र एवं व्यय विवरण की सूचना से इस विभाग को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।

यह स्वीकृति वित्त (व्यय–2) विभाग की आई.डी. संख्या 131100497 दिनांक 24.5.11 द्वारा दी गई सहमति के अनुसरण में जारी की जाती है।

भवदीय

Sd

उप शासन सचिव (क)

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. महालेखाकार राजस्थान, जयपुर ।
2. वित्त (व्यय–2) विभाग।
3. वित्त (आय–व्ययक) विभाग को प्रेषित कर निवेदन है कि कृपया राशि रूपये 200.00 लाख का राज0 राज्य सडक विकास एवं निर्माण निगम लि0, के पी.डी. खाते में अविलम्ब हस्तान्तरण करने का श्रम करें
4. आयोजना (संस्थागत वित्त) विभाग
5. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, राज. जयपुर ।
6. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग।
7. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव सामान्य प्रशासन विभाग
8. परियोजना निदेशक, राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लि. यूनिट–I, जयपुर
9. कोषाधिकारी, शासन सचिवालय, जयपुर ।
10. रक्षित पत्रावली ।

Sd

उप शासन सचिव (क)